RAF SECTOR

NEWS CLIP

24/08/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Anant Rajasthan , Jaipur (R.J)

रैपिड एक्शन फोर्स ने किया होटल प्रबंधन पर लाईव कुकिंग शो का आयोजन

राजस्थान दर्शन

आमेर आमेर के लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन कल्याण केन्द्र (कावा) ओर से पूर्णिमा विश्वविद्यालय के सहयोग से पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट जयपुर के शाहकारों सहयोग से रैपिड एक्शन फोर्स के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व होटल प्रबंधन पर लाईव कुकिंग शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कावा अध्यक्षा सपना महला पायल और सुरेश सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी-83 बटालियन ने पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, जयपुर के शाहकार गजराज और अयाज का कार्यक्रम में उपस्थित होने एवं बटालियन कार्मिकों के परिवार के सदस्यों एवं कैम्प परिसर के आस पास के क्षेत्र के महिलाओं को बेहतर कुकिंग के लिए मार्गदर्शित करने के लिए आभार व्यक्त किया। लाईव कुकिंग शो के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, जयपुर के शाहकार गजराज एवं अयाज ने बटालियन को पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, जयपुर को लाईव कुकिंग शो के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। शों के दौरान भिन्न-भिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बनाकर कार्मिकों के परिवार के सदस्यों एवं कैम्प परिसर के आस पास के क्षेत्र के महिलाओं को मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम में कावा अध्यक्षा सपना महला पायल के साथ सुरेश सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी, पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, जयपुर के शाहकार गजराज एवं अयाज, बटालियन के सभी राजपत्रित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी, जवान एवं परिवार के सदस्य तथा बटालियन कैम्पस के आस-पास के क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अन्त में क्वा अध्यक्षा श्रीमती सपना महला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।